आकाशवाणी देहरादून (उत्तराखण्ड)

बुधवार 26.11.2025 समय 07.20

**मुख्य समाचार :–**

- 12 साल से अधिक सेवा देने वाले उपनल कर्मियों को मिलेगा समान कार्य के लिए समान वेतन, जल्द होगा शासनादेश जारी।
- गढ़वाल राइफल्स रेजीमेंटल सेंटर, लैंसडाउन के अग्निवीर गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय से डिप्लोमा सार्टिफिकेट हासिल कर सकेंगे।
- ऑपरेशन कालनेमि के तहत हरिद्वार में ढोंगी बाबाओं पर कार्रवाई जारी, तंत्र–मंत्र और जादू–टोने का प्रदर्शन कर लोगों को गुमराह करने वाले 20 छद्म भेषधारियों को किया गिरफ्तार।
- मुख्य सचिव ने स्मार्ट सिटी के तहत देहरादून में ग्रीन बिल्डिंग निर्माण अगले छह माह में पूरा करने के निर्देश दिए।

**उपनल कर्मियों को समान वेतन**

लंबे समय से समान वेतन की मांग कर रहे उपनल कर्मियों की उम्मीदों को आखिरकार राज्य सरकार से राहत मिली है। लंबे विचार–विमर्श के बाद राज्य सरकार ने उनके हित में महत्वपूर्ण निर्णय ले लिया है। 12 साल से अधिक सेवा देने वाले उपनल कर्मचारियों को अब समान कार्य–समान वेतन के आधार पर न्यूनतम वेतन और महंगाई भत्ता मिलेगा। सरकार की ओर से जारी परिपत्र में कहा गया है कि अन्य उपनल कर्मियों को भी उनकी निरंतर सेवाओं के आधार पर चरणबद्ध तरीके से यह लाभ प्रदान किया जाएगा। सरकार ने बताया कि इन निर्णयों के औपचारिक आदेश जल्द जारी किए जाएंगे, ताकि कर्मचारियों को समय पर लाभ मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार उपनल कर्मियों के हितों के प्रति प्रतिबद्ध है और उनके दीर्घकालिक हितों की रक्षा के लिए लगातार निर्णय किए जा रहे हैं।

**समझौता ज्ञापन**

गढ़वाल राइफल्स रेजीमेंटल सेंटर–जी.आर.सी.सी लैंसडाउन के अग्निवीर अब हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय से डिप्लोमा सार्टिफिकेट हासिल कर सकेंगे। गढ़वाल विश्वविद्यालय और जी.आर.आर.सी लैंसडाउन के बीच इस संबंध में एक समझौते पर हस्ताक्षर किये गये हैं, जिसके तहत अग्निवीरों के लिए कौशल आधारित डिप्लोमा सर्टिफिकेट कोर्स शुरू किया जाएगा। यह कोर्स विश्वविद्यालय की फैकल्टी ने आठ महीने की अवधि में तैयार किया है। जीआरआरसी के कमांडेंट ब्रिगेडियर विनोद सिंह नेगी ने कहा कि यह कदम अग्निवीरों के लिए नए अवसर खोलेगा और उनके भविष्य को मजबूत करेगा। उन्होंने इसे मल्टी–डोमेन ट्रेनिंग का नया आयाम बताते हुए कहा कि यह कार्यक्रम उनके लिए मील का पत्थर साबित होगा।

**योजना के विजेता पुरस्कृत**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में ''बिल लाओ–इनाम पाओ'' योजना के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए। एक सितंबर 2022 से 31 मार्च 2024 के बीच संचालित इस योजना के तहत 1888 उपभोक्ताओं ने पुरस्कार जीते हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि योजना में प्रतिभाग करने वाले सभी लोगों ने राज्य के राजस्व संग्रहण को एक नई चेतना, एक नया दृष्टिकोण और एक नई ऊर्जा प्रदान की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि "बिल लाओ–इनाम पाओ" योजना राज्य सरकार का एक एक नवाचार था, जिसके द्वारा सरकार ने जनभागीदारी को राजस्व संग्रहण से जोड़ने का प्रयास किया।

**प्रोजेक्ट्स को सहमति**

मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन की अध्यक्षता में हुई उच्च स्तरीय समिति की बैठक में पेयजल निगम ने प्रदेश में विभिन्न सीवर लाइन प्रोजेक्ट्स को सहमति प्रदान की। मुख्य सचिव ने देहरादून के सीवर लाइन से अनाच्छादित क्षेत्र को आच्छादित करने का प्लान एवं प्राथमिकता तैयार किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने पूरे देहरादून की मैपिंग करते हुए प्राथमिकता निर्धारित किए जाने की बात कही। कहा कि सम्पूर्ण देहरादून में सीवर लाइन कनेक्टिविटी के लास्ट माइल कनेक्टिविटी देना हमारा लक्ष्य होना चाहिए। बैठक के दौरान हल्द्वानी में

948 लाख की कालाढूंगी रोड ट्रंक सीवरेज योजना और देहरादून में 905 लाख की साकेत कालोनी, कनाल रोड सीवरेज नेटवर्क कार्य को संस्तुति प्रदान की गयी।

## दिवाकर भट्ट का निधन

वरिष्ठ राज्य आंदोलनकारी एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री दिवाकर भट्ट का निधन हो गया। कल अपने हरिद्वार स्थित निवास पर उन्होंने अंतिम सांस ली। वे पिछले लंबे समय बीमार चल रहे थे। दिवाकर भट्ट उत्तराखंड क्रांति दल के संस्थापकों में शामिल थे। उन्हें उनके साहस और संघर्ष के लिए फील्ड मार्शल भी कहा जाता था। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उनके निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है।

## मनरेगा कर्मकारों का पंजीकरण

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड भवन एवं अन्य सन्निकार कर्मकार कल्याण बोर्ड में मनरेगा कर्मकारों के पंजीकरण का विधिवत शुभारंभ किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति के विकास को केंद्र में रखते हुए कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पंजीकरण से मनरेगा श्रमिकों को उत्तराखंड भवन एवं अन्य सन्निकार कर्मकार कल्याण बोर्ड की सभी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ मिल सकेगा।

## पेंशनर सम्मानित

देहरादून स्थित मुख्य कोषागार में पेंशन जागरूकता एवं निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में जिलाधिकारी सविन बसंल ने राज्य आंदोलनकारी पेंशनरों को सम्मानित किया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने मुख्य कोषागार में पेंशनरों की सुविधा के लिए जिला प्लान से 25 लाख लागत में नवनिर्मित "आरोहण" सभागार का लोकापर्ण भी किया। जिलाधिकारी ने मुख्य कोषागार कार्यालय को 10 नए कम्प्यूटर देने की स्वीकृति भी प्रदान की।

## ऑपरेशन कालनेमि

हरिद्वार पुलिस ने ऑपरेशन कालनेमि के तहत ढोंगी बाबाओं पर बड़ी कार्रवाई की है। पिरान कलियर पुलिस ने तंत्र–मंत्र और जादू–टोने का प्रदर्शन कर लोगों को गुमराह करने वाले 20 छद्म भेषधारियों को हिरासत में लिया, जबकि कोतवाली रुड़की पुलिस ने भी 5 ऐसे व्यक्तियों को पकड़ा। सभी आरोपी विभिन्न राज्यों से आए थे और इनके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। इधर, पुलिस ने देहरादून में अवैध रूप से रह रही दो बांग्लादेशी महिलाओं को पकड़ा है। एक महिला के पास से आधार, वोटर कार्ड सहित फर्जी भारतीय दस्तावेज मिले, जिस पर उसे गिरफ्तार कर मामला दर्ज किया गया। दूसरी महिला के पास बांग्लादेशी पहचान पत्र की प्रति मिली और उसे वापस बांग्लादेश भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

## उच्चस्तरीय संचालन समिति बैठक

मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन की अध्यक्षता में देहरादून स्मार्ट सिटी लिमिटेड की उच्च स्तरीय संचालन समिति की बैठक हुई, जिसमें स्मार्ट सिटी से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। इस दौरान मुख्य सचिव ने ग्रीन बिल्डिंग निर्माण में हो रही देरी पर नाराज़गी जताते हुए इसे अगले छह माह में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिलाधिकारी और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, स्मार्ट सिटी को निर्माण की लगातार निगरानी करने और कार्यदायी संस्था–सीपीडब्ल्यूडी को तीन शिफ्ट में काम कराने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि अगले छह महीनों के लिए हर कार्य की स्पष्ट टाइमलाइन तय की जाए। बैठक में स्मार्ट सिटी के तहत चल रही 30 इलेक्ट्रिक बसों का संचालन परिवहन निगम की ओर से करवाने का निर्णय भी लिया गया।

## नाबार्ड का 'नबोत्सव'

राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक–नाबार्ड का अखिल भारतीय खेल एवं सांस्कृतिक महोत्सव "नबोत्सव" आज से देहरादून स्थित परेड ग्राउंड में शुरु होगा, जो कि 29 नवंबर तक चलेगा। यह आयोजन विशेष महत्व रखता है क्योंकि यह उत्तराखंड के रजत जयंती वर्ष के साथ मनाया जा रहा है। नबोत्सव के अंतर्गत 6 प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी, जिसमें बैडमिंटन, टेबल टेनिस, कैरम, शतरंज, क्रिकेट और गायन प्रतियोगिता शामिल हैं। इसमें देशभर से लगभग 330 प्रतिभागी अपनी प्रतिभा और खेल भावना का प्रदर्शन करेंगे। रोमांच

को बढ़ाने के लिए नाबार्ड ने आधिकारिक मास्कॉट "कस्तूरी" का अनावरण किया है, जो उत्तराखंड के राज्य पशु कस्तूरी मृग से प्रेरित है।

## प्रमुख चुनौतियों को रखा

कृषि एवं ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने नई दिल्ली में वाणिज्य भवन में उद्योग एवं वाणिज्य मंत्रालय की बोर्ड ऑफ ट्रेड बैठक में प्रतिभाग किया। बैठक के दौरान उत्तराखंड के निर्यात क्षेत्र की प्रमुख चुनौतियों को रखते हुए उन्होंने केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल से खाद्य प्रसंस्करण उत्पादों के परीक्षण के लिए एपिडा की परीक्षण प्रयोगशाला को उत्तराखंड में स्थापित करने का अनुरोध किया।

## निदेशक मण्डल बैठक

मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन की अध्यक्षता में पिटकुल निदेशक मण्डल की बैठक हुयी। बैठक में विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा कर सहमति प्रदान की गयी। वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए स्टेच्यूटरी ऑडिटर की नियुक्ति सम्बन्धी प्रस्ताव पर निदेशक मण्डल ने अनुमोदन प्रदान किया है।

## एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर——

अयोध्या में राम मंदिर में ध्वजारोहण की ख़बर आज सभी समाचार पत्रों में प्रमुखता से सचित्र प्रकाशित की गई है। हिंदुस्तान समाचार पत्र लिखता है– मंदिर का निर्माण औपचारिक रूप से संपन्न, पूरा देश बना साक्षी। इसी ख़बर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हवाले से अमर उजाला की सुर्खी है– सदियों के घाव भर रहे, पांच सौ साल का संकल्प पूरा।

चारधाम यात्रा संपन्न होनी की ख़बर पर दैनिक जागरण का शीर्षक है– बदरीनाथ धाम के कपाट बंद, शीतकाल में अब पांडुकेश्वर और ज्योर्तिमठ में होंगे भगवान बदरी विशाल के दर्शन।

उपनल कर्मियों को समान काम के लिये मिलेगा समान वेतन, अमर उजाला की सुर्खी है। समाचार पत्र लिखता है– सीएम के निर्देश पर आदेश जारी, बारह साल की सेवा कर चुके कर्मियों को मिलेगा लाभ।